C M Y K
Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सायं 5:22 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सुबह 7:12 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 38 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | गुरूवार, 24 जुलाई 2025

मां प्रियंका चोपड़ा के लिए क्यूट...पेज-3 पर

News कॉर्नर

## देर रात अराजक तत्वों ने दुकान में की तोड़फोड़

**नैनीताल ।** नैनीताल के समीपवर्ती ग्रामीण क्षेत्र देवीधूरा में देर रात अराजक तत्वों ने दुकान के आगे बना छप्पर तोड़ दिया। ग्रामीणों ने देर रात घूमने वाले लोगों पर दुकान को नुकसान पहुँचाने की संभावना जताई है। जानकारी के अनुसार देवीधूरा- बसानी मोटर मार्ग पर देवीधूरा गांव में धनी राम की दुकान है। मंगलवार की शाम वह दुकान बंद कर घर चले गए। बुधवार की सुबह जब वह दुकान पहुंचे तो उनकी दुकान के आगे बना छप्पर टूटा हुआ था। ग्रामीणों का कहना है कि देर रात किसी अराजक तत्व की ओर से दुकान में चोरी का प्रयास किया है। दुकान न खुल पाने की वजह से अराजक तत्व ने छप्पर तोड़ दिया है। वहीं ग्रामीणो का कहना है कि चुनाव प्रचार के दौरान क्षेत्र में शराब पिलाई जा रही है। जिसके चलते कोई व्यक्ति नशे की हालत में यह काम किया है। दुकान संचालक की ओर से पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की गई है। एसओ रमेश बोरा ने बताया कि मामले में शिकायत के आधार पर जांच की जा रही है।

## घर के आंगन में सांप घुसने से हडकंप

**नैनीताल ।** नगर के तल्लीताल क्षेत्र वैलव्यू कंपाउंड क्षेत्र में घर के आंगन में सांप घुसने से लोगों में हडकंप मच गया। सूचना के बाद पहुंची वन विभाग ने सांप को रेस्कयू कर जंगल में छोड़ दिया है। बुधवार को तल्लीताल वैलव्यू कम्पाउंड में संजय साह के घर के समीप आंगन में सांप आ गया। सांप के घर की ओर जाने से लोगों में हडकंप मच गया। सूचना पर वन विभाग के स्नेक कैचर निमिष दानू टीम के साथ पहुंचे। उन्होंने सांप का सफलतापूर्वक रेस्कयू किया। रेंजर आंनद राम टमटा ने बताया कि सांप धामिन प्रजाति का था जिसे पकडने के बाद जंगल में छोड़ दिया गया है।

# दून और हल्द्वानी मेडिकल कॉलेज में तीमारदारों के लिए बनेंगे विश्राम गृह

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

मुख्यमंत्री ने कहा कि मेडिकल कॉलेजों में विश्राम गृह बनने से तीमारदारों को भर्ती मरीजों के साथ आने वाले परिजनों को ठहरने की सुविधा मिलेगी।

राजकीय मेडिकल कॉलेज देहरादून व हल्द्वानी में उपचार के लिए आने वाले मरीजों के परिजनों व तीमारदारों के लिए विश्राम गृह का निर्माण किया जाएगा। विश्रामगृह में तीमारदारों के ठहरने, बैठने, पेयजल, भोजन, शौचालय व अन्य सुविधाएं उपलब्ध की जाएगी। सचिवालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की मौजूदगी में





विश्राम गृह सुविधा के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग व सेवादान आरोग्य संस्था के बीच एमओयू किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेडिकल कॉलेजों में विश्राम गृह बनने से तीमारदारों को भर्ती मरीजों के साथ आने वाले परिजनों को ठहरने की सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री ने सेवादान आरोग्य संस्था से किच्छा स्थित एम्स सैटेलाइट सेंटर में भी यह व्यवस्था करने को कहा, इस पर संस्था ने सहमति जताई। विश्राम गृहों में नाश्ता 20 रुपये, दोपहर व रात्रि भोजन 35 रुपये में उपलब्ध होगा। विश्राम गृहों के निर्माण के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज देहरादून में 1750 वर्गमीटर व राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी में 1400 वर्गमीटर भूमि उपलब्ध की गई है। आगामी 20 वर्षों के लिए एमओयू वैध रहेगा। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, सचिव स्वास्थ्य डॉ. आर. राजेश कुमार, सचिव विनय शंकर पांडेय, निदेशक चिकित्सा शिक्षा डॉ. आशुतोष सयाना, सेवादान आरोग्य संस्था से अभिषेक सक्सेना, आनंद सिंह बिसेन, अमित दास मौजूद रहे। सेवादान आरोग्य फाउंडेशन शीघ्र ही दोनों मेडिकल कॉलेजों में कुल 350 बिस्तरों की क्षमता वाले विश्राम गृहों का निर्माण करेगी। 10 बेड वाले पांच व आठ बेड वाले दो शयनागारों में 55 रुपये प्रति बिस्तर तीमारदारों को उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके अलावा 6 बेड वाले 5 शयनागार में तीमारदारों को 75 रुपये प्रति बिस्तर मिलेगा। विश्रामगृह में डबल बेड वाले 33 कमरे का 330 रुपये प्रति कक्ष की दर पर लोगों को मिलेंगे। डबल बेड वाले 8 कमरे (एसी युक्त) 850 रुपये प्रति कक्ष में मिलेगा।

### कुमाऊं के छह जिलों में चुनाव को लेकर उत्साह

# पहाड़ से मैदान तक दोपहर तक 27 प्रतिशत मतदान



**कुमाऊं/हल्द्वानी**
कार्यालय संवाददाता

उत्तराखंड में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले चरण का मतदान जारी है। आज 26 लाख से अधिक मतदाता 17,829 प्रत्याशियों के भाग्य को फैसला करेंगे। कुमाऊं में नैनीताल, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, बागेश्वर समेत छह जिलों में मतदान हो रहे है। ऊधमसिंह नगर जिले के चार ब्लाकों में पंचायत चुनाव के लिए मतदान प्रक्रिया चल रही है। अभी किसी जगह से कोई विवाद होना सामने नहीं आया है। बाजपुर के ग्राम शिवपुर में मंडलायुक्त दीपक रावत एवं आईजी रिद्धिम अग्रवाल में बूथ का निरिक्षण किया गया। उन्होंने व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इसके साथ ही बाजपुर के ग्राम गंगापुर, भजुआ नगला में भी बूथ का निरिक्षण किया गया। दोनों अफसरों ने गदरपुर के ग्राम सरदार नगर और ग्राम नंदपुर में बूथ का निरिक्षण किया गया। उन्होंने कर्मचारियों के साथ ही मतदाताओं से भी जानकारी ली। उन्होंने व्यवस्थाओं पर संतोष जताया।

नैनीताल जिले में ओखलकांडा, धारी, रामगढ़ और बेतालघाट ब्लॉक में सुबह 8 बजे से 12 बजे तक 31.31 प्रतिशत मतदान हो चुका है। धारी और धानाचूली में बीस मिनट होने के बाद भी मतदाता मतदान करने के लिए पहुंचे। दोपहर 12 बजे ओखलकांडा ब्लॉक में 31.34 प्रतिशत, रामगढ़ में 25.47, प्रतिशत, धारी में 34.11 और बेतालघाट ब्लॉक में 34.05 प्रतिशत मतदान हुआ है। ग्राम प्रधान, बीडीसी और जिला पंचायत सदस्य के प्रत्याशी मतदाताओं को घरों से मतदान केंद्र तक लेकर पहुंच रहे हैं।

चंपावत के पाटी विकासखंड में 84 वर्षिय धनी देवी ने ग्रामीणों की मदद से ढाई किलोमीटर दूर बूथ सांगो में जाकर दिया अपना मत। पाटी ब्लॉक में 12 बजे तक 30.12 त्न मतदान हुआ।

### मतदान केंद्रों में मतदाताओं की संख्या कम

नैनीताल जिले में ओखलकांडा, धारी, रामगढ़ और बेतालघाट ब्लॉक में सुबह 8 बजे से 10 बजे तक 11.50 प्रतिशत मतदान हो चुका है। हालांकि सुबह के समय मतदान केंद्रों में मतदाताओं की संख्या कम देखने को मिल रही है। ओखलकांडा ब्लॉक में 11.56 प्रतिशत, रामगढ़ में 8.95 प्रतिशत, धारी में 15.27 और बेतालघाट ब्लॉक में 10.92 प्रतिशत मतदान हुआ है। मतदाता ग्राम प्रधान, बीडीसी और जिला पंचायत सदस्य के प्रत्याशियों को वोट देने के लिए पहुंच रहे हैं। युवा मतदाताओं का कहना है कि वह स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क और रोजगार के मुद्दों पर वोट कर रहे हैं।

## गढ़वाल क्षेत्र में बुजुर्ग पहुंचे मतदान को

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

पहले चरण में आज सदस्य ग्राम पंचायत के 2247, प्रधान के 9731, सदस्य क्षेत्र पंचायत के 4980 और सदस्य जिला पंचायत के 871 प्रत्याशियों के लिए चुनाव हो रहा है।

कोटद्वार में 87 वर्षीय चैता देवी 76 वर्षीय केशी देवी ने कसाना वल्ला में किया मतदान। राजकीय प्राथमिक विद्यालय क्वासा में विधायक मुन्ना सिंह चौहान और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मधु चौहान ने भी मतदान किया। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में मतदान को लेकर उत्साह नजर आ रहा है। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार, 10 बजे तक 11.72 प्रतिशत और 12 बजे तक 27 प्रतिशत मतदान हुआ है। कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने पौड़ी के पोखड़ा में मतदान किया। मतदान को लेकर पहाड़ से मैदान तक उत्साह देखा जा रहा है। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार, 11 बजे तक प्रदेश में 19 फिसदी मतदान हुआ है। पंचायत चुनाव में प्रथम चरण में टिहरी जिले के पांच ब्लॉकों में सुबह 10 बजे तक 10.66 प्रतिशत मतदान हो चुका है। जौनपुर ब्लॉक क्षेत्र में 11.89 प्रतिशत, धौलधार 12.58, जाखणीधार 9.56, भिलंगना 9.81 और प्रतापनगर ब्लॉक क्षेत्र में 10.34 प्रतिशत मतदान हुआ है। यमुनोत्री के पूर्व विधायक केदार सिंह रावत ने सपरिवार अपने मतदान केंद्र नारायण पुरी में मतदान किया। पंचायत चुनाव के लिए देवाल, थराली और नारायणबगड़ विकासखंड में मतदान शुरू हो चुका है।

## मुख्यमंत्री धामी पहुंचे खटीमा, आदर्श प्राथमिक विद्यालय नगला तराई में किया मतदान

**रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता

गुरुवार सुबह मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी खटीमा पहुंचे। यहां सीएम राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय नगला तराई पहुंचे और उन्होंने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

मतदान करने के बाद सीएम खटीमा पहुंचे। उनके साथ उनके परिवार के लोग समेत पार्टी लोग भी मौजूद थे। बता दें कि गुरुवार को खटीमा ब्लाक समेत जनपद के कई अन्य ब्लाक में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए सुबह आठ बजे से



मतदान शुरू हो गया। मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। ताकि किसी भी तरह की कोई अराजकता न हो।

## गलत दिशा में स्कूटी चलाना पड़ा भारी

**नैनीताल ।** नैनीताल की मॉल रोड पर पर्यटक को बिना डीएल रौंग साइड स्कूटी दौड़ाना महंगा पड़ गया। पुलिस ने पर्यटक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए स्कूटी को सीज कर दिया है।

जानकारी के अनुसार तल्लीताल पुलिस देर शाम मॉल रोड पर गश्त कर रही थी। इस दौरान तेज गति से एक स्कूटी सवार अपर मालरोड से रौंग साइड मल्लीताल की ओर जा रहा था। इस दौरान पुलिस ने युवक को रोक लिया। पुलिस ने युवक से ड्राइविंग लाइसेंस मांगा तो उसके पास नहीं मिला। जिस पर पुलिस ने स्कूटी कबजे में ले ली। एसओ रमेश बोरा ने बताया कि झारखंड निवासी पर्यटक करन कुमार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए यूके 04 टीबी-5989 को सीज कर दिया है।

## कजाकिस्तान की उड़ान भरेंगी रामनगर की कैडेट अंजलि

**रामनगर**
हमारे संवाददाता

पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर की होनहार एनसीसी कैडेट अंजलि गोस्वामी ने एक बार फिर अपने जज़्बे और मेहनत से पूरे क्षेत्र का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है। अंजलि का चयन युवा विनिमय कार्यक्रम के अंतर्गत कजाकिस्तान में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए हुआ है।

रामनगर कॉलेज में संचालित 24 यूके गर्ल्स बटालियन एनसीसी अल्मोड़ा की सब यूनिट की कैडेट अंजलि ने यह सफलता कई कठिन प्रतियोगिताएं और मानक पार कर हासिल की है। इस गौरवशाली उपलब्धि पर एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ. कृष्णा भारती ने जानकारी दी कि



अंजलि वर्तमान में सीनियर अंडर ऑफिसर के पद पर हैं और इससे पूर्व वह ऋष्ष्ट 2025 गणतंत्र दिवस शिविर में भी शामिल हो चुकी हैं। अंजलि की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य प्रो. एस.एस. मौर्या, 24 यूके गर्ल्स बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल मनोज कुमार कांडपाल, 79 यूके बटालियन के एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ.डी.एन. जोशी सहित समस्त संकाय सदस्यों ने उन्हें बधाइयों की बौछार कर दी। प्रो. अनुमिता अग्रवाल, प्रो. अनीता जोशी, डॉ. लवकुश चौधरी, डॉ. प्रमोद जोशी, डॉ. लोतिकाअमित, डॉ. अनुराग श्रीवास्तव और सूबेदार मेजर दीपेन्द्र सिंह, देवेन्द्र सिंह सहित अन्य गणमान्य जनों ने भी उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

गौरतलब है कि 26 जुलाई 2025 को कारगिल विजय दिवस के मौके पर देहरादून में आयोजित समारोह में डीजी एनसीसी स्वयं अंजलि को पोटेनियल कैंडिडेट टू बी द ऑफिसर पद डिफेंस फोर्स अवार्ड से सम्मानित करने जा रहे हैं। रामनगर की ये बेटी अब कजाकिस्तान की धरती पर तिरंगा लहराने को तैयार है और पूरा शहर उसके इस नए सफर के लिए गर्व और दुआओं से भर उठा है।

# हरेला पर्व व सेला पर्व पर पौधरोपण अभियान

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के निर्देशानुसार माह जुलाई में चलाये जा रहे पौधरोपण अभियान हरेला पर्व तथा सेला पर्व के उपलक्ष्य में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल द्वारा रानीबाग में पौधरोपण अभियान आयोजित किया गया।

जिसमें उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के वरिष्ठ न्यायाधीश/कार्यपालक अध्यक्ष/उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण मनोज कुमार तिवारी जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल व हरीश कुमार गोयल तथा सदस्य सचिव उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल प्रदीप कुमार मणी द्वारा पौधरोपण किया गयाए जिसमें जनपद नैनीताल के अन्य न्यायाधीशगण भी उपस्थित रहे।

उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऊधमसिंहनगर तथा वन गुज्जर ट्राइबल युवा संगठन भुड़ाख के सहयोग से स्थान भुड़ा खत्ता पीपल पड़ाव रेंज में पौधरोपण एवं विधिक साक्षरता शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पौधरोपण के उपरांत विधिक साक्षरता कार्यक्रम के माध्यम से वन गुज्जर ट्राईबल कम्यूनिटी के अधिकारों तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यो के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के सदस्य सचिव द्वारा नालसा टोल फ्री नंबर 15100 एवं अधिकार मित्र आदि के बारे में भी जानकारी दी, अनुसूचित जनजाति और अन्य पारंपरिक वन निवासी वन अधिकारों की मान्यता, अधिनियम 2006 के बारे में उपस्थित वन गुज्जर समुदाय के लोगों को जानकारी दी गई। कार्यक्रम में पुलिस प्रशासन के अधिकारी, मुखय विकास अधिकारी, प्रभागीय वनाधिकारी, तराई केन्द्रीय वन प्रभाग तथा वन पंचायत संघर्ष मोर्चा व वन गुज्जर ट्राईबल युवा संगठन के लोग उपस्थित रहे।




# 383 वें दिन भी जारी रहा पौधरोपण आंदोलन



**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आवाहन पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2025 को लेकर चलाया जा रहा अनूठा पौधरोपण आंदोलन 383 वें दिन भी जारी रहा।

महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी ने कहा कि पर्यटकों को पौधारोपण कार्यक्रम से जोड़ने के तहत स्लोगन -देव भूमि में पर्यटक बनकर आईए- पौधारोपण कर पर्यावरण मित्र बनकर जाइए के तहत वीरवार को उनके नेतृत्व में गुरना देवी मंदिर परिसर में विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण कर गुरना देवी परिसर में चौथी वाटिका बनाई। गुरुरानी ने कहा कि सरकार को चाहिए वह नियमितीकरण के संबंध में उपनल में कार्यरत कर्मचारियों के लिए जो कमेटी बनाई जा रही है उसी प्रकार कुमाऊं मंडल विकास निगम व गढ़वाल मंडल विकास निगम में कार्यरत संविदा कर्मचारियों के लिए भी नियमावली जारी कर नियमितीकरण प्रारंभ करें।कार्यवाई प्रारंभ ना होने के कारण कई कर्मचारी संविदा में ही सेवानिवृत हो गए हैं।

# तल्लीताल में नि:शुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर के तल्लीताल स्थित वार्ड नंबर चार (हरिनगर वार्ड) में बुधवार को वार्ड की पालिका सभासद शीतल कटियार के सहयोग से नि:शुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

वार्ड के लोगों ने अधिक से अधिक संख्या में शिविर का लाभ उठाया। इस दौरान लोगों को दवाईयां भी वितरित की गयी। इतना ही लोगों को चिकित्सकों व उनके स्टाफ की ओर से दैनिक जीवन में स्वस्थ रहने के कई जरुरी टिप्स दिए गए। शिविर में राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल नैनीताल की चिकित्सक डा.उमा रावत समेत फार्मेसी अधिकारी भुवन चंद्र के साथ ही जीवन लाल,सुरेश चंद्र, सुरेश वाल्मिकी, कांता देवी, छाया पवार, बबीता पवार,अनूप कुमार तथा धीरज कटियार समेत कई लोगों ने शिविर को सफल बनाने में हर संभव सहयोग दिया। अंत में सभासद शीतल कटियार ने अस्पताल परिवार समेत वार्ड वासियों का विशेष आभार जताया।




**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अल्मोड़ा अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड का पौधरोपण अभियान

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

अल्मोड़ा अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड नैनीताल द्वारा वीरवार को अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वह करते हुए नगर के आयारपाटा क्षेत्र में वार्ड के पालिका सभासद मनोज साह जगाती के विशेष दिशा-निर्देशन में देवदार,पांगर तथा बाँज के पौधों का रोपण कर उनके बड़े होने तक उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया। बता दें नगर में वीरवार को भारी बरसात हुई उसके बाद भी बैंक के अधिकारियों व कर्मियों ने पौधरोपण अभियान को बखूबी अंजाम दिया।

इस पुनीत कार्य में अयारपाटा वार्ड के सभासद मनोज साह जगाती जबकि बैंक की तरफ से बैंक मैनेजर रोमित साह समेत ललित उप्रेती, आँचल सुंदरियाल, मनाली चौहान, मनोज मिश्रा, पंकज के साथ ही जय जननी भारत के सदस्य प्रियांश मौजूद रहे।



# बाइक रेंटल एसोसिएशन के साथ बैठक आयोजित

**नैनीताल** । नगर के तल्लीताल थाने के थानाध्यक्ष रमेश सिंह बोहरा द्वारा वीरवार को बाइक रेंटल एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं सदस्यों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में बाइक चालकों को मुखय दिशा निर्देश दिए गए जिसमें बताया गया कि नो पार्किंग में गाड़ी खड़ी ना करें, रॉंग साइड नहीं चलना,माल रोड पर वाहन ना लें जाएं और बताया कि एडीएम की बैठक में पहले ही अवगत करा दिया है कि प्रतिबंधित मार्गो पर वाहन नही लें जाएं। इस दौरान बाइक रेंटल एसोसिएशन अध्यक्ष संजय सिरोही एवं संगठन ने कहा कि जब भी शहर में चालानी कार्रवाई होती है हमेशा टैक्सी स्कूटी एवं बाईकों का ही चालान किया जाता है और जब भी प्रशासनिक बैठकें होती हैं तो बैठकों में बाइक संगठन को नहीं बुलाया जाता है। इस दौरान महासचिव नितिन जाटव,उपाध्यक्ष तारीख खान,ललित मोहन, इमरान, संजू,एहसान, शुभम, बल्लू, रिजवान, लकी, महेंद्र खाती, गोपाल, पंकज,कमल, रंजीत, पप्पू,रमेश अधिकारी ,हरीश, फैजान तथा आरिश समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## NEWS / फटाफट

### पंचायत चुनाव निष्पक्ष व शांतिपूर्ण करने की अपील



**हल्द्वानी।** कुमाऊंआई.जी रिद्धिम अग्रवाल ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के प्रथम चरण को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न कराने हेतु समस्त जनपद प्रभारियों को निर्देशित किया कि मतदान डियूटी में लगे समस्त जोनल व सैक्टर प्रभारी रात्रि में पोलिंग बूथों की सुरक्षा व्यवस्था को अवश्य चेकिंग करें । उन्होंने स्पष्ट किया कि चुनाव के दौरान कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वाले तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी और ऐसे किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा, जो मतदान में व्यवधान उत्पन्न करेगा। साथ ही उन्होंने आमजन से लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए निर्भय होकर अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की।

### चुनाव से संबंधित एक दर्जन से अधिक याचिकाओं को निरस्त किया

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने पंचायत चुनाव से संबंधित एक दर्जन से अधिक याचिकाओं में याचिकाकर्ताओं को कोई राहत न देते हुए उन्हें एक साथ निरस्त कर दिया। कोर्ट ने इन मामलों में याचिकाकर्ताओं से चुनाव याचिकाएं दायर करने की छूट दी है। बुधवार को न्यायमूर्ति रविन्द्र मैठाणी की एकलपीठ में एक दर्जन से अधिक याचिकाएं सुनवाई के लिये पेश हुई , जिनमें अधिकांश लोगों ने नामांकन पत्र निरस्त होने को चुनौती दी थी जबकि कई लोगों के नाम मतदाता सूची में न होने तथा कुछ के नाम दो जगह होने तथा जाति प्रमाण पत्र आदि से सबंधित थी। इन याचिकाओं की सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग के अधिवक्ता ने संविधान के अनुच्छेद 242 व उत्तराखंड पंचायत राज अधिनियम की धारा 131 का उल्लेख करते हुए कोर्ट को बताया कि चुनाव प्रक्रिया शुरू होने के बाद ऐसे मामलों में हाईकोर्ट द्वारा हस्तक्षेप न करने का प्रावधान है और इन मामलों में चुनाव याचिकाएं दायर हो सकती हैं । इस तर्क के बाद कोर्ट ने किसी भी मामले में कोई अंतरिम राहत न देते हुए सभी याचिकाएं निस्तारित कर दी हैं ।

### डीएसबी परिसर में एंटी रैगिंग कार्यक्रम की शुरुआत



**नैनीताल ।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल में बुधवार को नए सत्र 2025-26 में एंटी रैगिंग कार्यक्रम की शुरुआत परिसर के अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. संजय पंत ने की । इस दौरान प्रो. पंत ने यूजीसी नियमानुसार एंटी रैगिंग के नियम तथा नो रैगिंग के पोस्टर्स को रिलीज भी किया तथा उन्हें परिसर तथा छात्रावासों में जगह जगह चस्पा करवाया जिससे सभी विद्यार्थी उन नियमों से अवगत हो सकेंगे। इस अवसर पर निदेशक विजिटिंग प्रोफेसर निदेशालय प्रो. ललित तिवारी ने कहा कि यूजीसी ने रैगिंग पर कड़े नियम बनाए हैं जिनका पालन करना हर छात्र-छात्रा को बेहद जरूरी है । इस अवसर पर डॉ गगनदीप होती, डॉ उमंग सैनी, डॉ निधि वर्मा सहित पायल तथा दिशा कांडपाल सहित अन्य विद्यार्थी उपस्थित रहे ।

### कैडेट दीपांशु नौ सेना की शाखा में नियुक्त करेंगे



**नैनीताल ।** नैनीताल नगर के कैडेट दीपांशु जोशी का चयन भारतीय नौ सेना अकादमी (आईएनए) एझिमाला (केरल) में प्रशिक्षण के लिए हो गया है। प्रशिक्षण के बाद कैडेट दीपांशु जोशी को उनकी योगयता व सेवा आवश्यकता के आधार पर नौ सेना की किसी भी शाखा में नियुक्त किया जाएगा। नेवल हैंडकवार्टर डायरेक्टेट आफ मैनपावर, प्लानिंग एंड रिकयूर्मेट के कमांडर विक्रांत महामुनकर की ओर से जारी पत्र दीपांशु जोशी के पास पहुंच गया है। पत्र के मुताबिक दीपांशु को 28 जुलाई को में प्रशिक्षण के लिए पहुंचना है। बता दें दीपांशु के पिता गणेश जोशी श्री मां नयना देवी मंदिर में पुजारी हैं तथा माता आशा जोशी गृहणी हैं,दीपांशु ने प्रांरभिक शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर नैनीताल के बाद इंटर की परीक्षा भारतीय शहीद सैनिक स्कूल के उत्तीर्ण की है। इस बीच दीपांशु के परिजनों,शुभचिंतकों समेत श्री मां नयना देवी मंदिर अमर उदय ट्रस्ट के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों व पूरे मंदिर परिवार ने दीपांशु की इस अहम उपलबधि पर खुशी जाहिर करते हुए उनके बेहतर उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### प्रशासन व श्री राम सेवक सभा के सदस्यों की बैठक



**नैनीताल ।** जिलाधिकारी कार्यालय नैनीताल में श्री मां नंदा देवी महोत्सव आयोजन के संबंध में चल रही तैयारियों की प्रगति के संबंध में जिला प्रशासन, नगर पालिका परिषद एवं श्री राम सेवक सभा के सदस्यों की बैठक जिलाधिकारी नैनीताल वंदना सिंह की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान श्री नंदा देवी महोत्सव 2025 के कैलेंडर का विमोचन भी जिलाधिकारी द्वारा किया गया। जिलाधिकारी द्वारा सभी विभागों को शहर के प्रतिष्ठित नंदा देवी महोत्सव को भव्य रूप से आयोजित करने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान बैठक में उपस्थित अध्यक्ष नगर पालिका परिषद डॉ. सरस्वती खेतवाल द्वारा बताया गया कि इस वर्ष स्वच्छ नैनीताल की थीम पर आधारित मेले को सुंदर एवं आकर्षक रूप से आयोजित किया जाएगा। इस दौरान अपर जिलाधिकारी विवेक राय, उप जिलाधिकारी नवाजिश खलीक, अधिशाषी अधिकारी रोहिताश शर्मा, राम सेवक सभा के अध्यक्ष मनोज साह, महासचिव जगदीश चंद्र बवाड़ी समेत हरीश सिंह राणा,पालिका के सभासद पूरन सिंह बिष्ट के अलावा सभा परिवार से विमल चौधरी, राजेंद्र लाल साह तथा मोहित लाल साह आदि उपस्थित रहे।

# अभिमत

## दिशा निर्देश जरूरी

***सोशल मीडिया का प्रचलन तेजी से बढ़ा है, लेकिन निरंकुशता के कारण सोशल मीडिया का दुरुपयोग हो रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने केन्द्र सरकार की ओर से पेश अटार्नी जनरल आर वेंकटरमणी से कहा कि सरकार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और दूसरों के अधिकारों एवं कर्तव्यों के बीच संतुलन बनाये रखते हुए सोशल मीडिया के संदर्भ में दिशा-निर्देश तैयार करे। एक व्यक्ति की स्वतंत्रता से दूसरों के अधिकारों का उल्लंघन नहीं होना चाहिए। सोशल मीडिया से अपराध और विकृति बढ़ रही है।***

सूचना प्रौद्योगिकी से पूरी दुनिया में बड़े बदलाव हुए हैं। सोशल मीडिया का प्रचलन तेजी से बढ़ा है, लेकिन निरंकुशता के कारण सोशल मीडिया का दुरुपयोग हो रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने केन्द्र सरकार की ओर से पेश अटार्नी जनरल आर वेंकटरमणी से कहा कि सरकार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और दूसरों के अधिकारों एवं कर्तव्यों के बीच संतुलन बनाये रखते हुए सोशल मीडिया के संदर्भ में दिशा-निर्देश तैयार करे। एक व्यक्ति की स्वतंत्रता से दूसरों के अधिकारों का उल्लंघन नहीं होना चाहिए। सोशल मीडिया से अपराध और विकृति बढ़ रही है। प्रिंट और इलेक्ट्रानिक मीडिया की तरह मानक तथा नियम निर्धारित नहीं होने से असामाजिक तत्व सोशल मीडिया का हथियार के तौर पर इस्तेमाल कर रहे हैं। सोशल मीडिया किसी की भी छवि धूमिल करने का जरिया बनता जा रहा है। ऐसा ही एक मामला शीर्ष अदालत के समक्ष पहुंचा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और आरएसएस कार्यकर्ताओं के कथित आपत्तिजनक कार्टून सोशल मीडिया पर साझा किये गये। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि लोग किसी को भी, कुछ भी कह देते हैं। हमें इस बारे में कुछ करना होगा। संविधान में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार है। स्वतंत्रता के अधिकार का यह अर्थ नहीं है कि वह किसी के निजी और सार्वजनिक अधिकार पर चोट करे। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाना और किसी की मानहानि करना सबसे आसान है। प्रिंट मीडिया में कार्टून अभिव्यक्ति का बहुत सशक्त माध्यम रहा है। कार्टूनिस्ट को पद्म पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया है। कार्टून का प्रभाव इतना अधिक है कि किसी विषय में जो बात कई पृष्ठों में लिखकर नहीं कही जा सकती है, वह कार्टून के माध्यम से दूसरों तक पहुंच जाती है। सोशल मीडिया पर विदेश की वीडियो स्थानीय बताकर प्रसारित करके गुमराह करने का काम हो रहा है। सोशल मीडिया के प्रसार से प्रिंट और इलेक्ट्रानिक मीडिया पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। हकीकत यह है कि प्रिंट मीडिया की विश्वसनीयता बढ़ी है। सोशल मीडिया पर वायरल होने वाली सामग्री के सच-झूठ का खुलासा प्रिंट मीडिया करने लगा है। छवि धूमिल करना और अफवाह फैलाना अपराध है। ऐसा करने से व्यक्ति विशेष को क्षति पहुंचती है। यदि सोशल मीडिया के बारे में दिशा निर्देश तय नहीं किये गये, तो आतंकवादी भ्रमित करके राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी खतरा पैदा कर सकते हैं।

# 15 लाख से अधिक की शराब समेत तस्कर दबोचा

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

पंचायत चुनाव से पहले काशीपुर पुलिस को बड़ी सफलता हासिल हुई है। पुलिस ने एक सूचना पर हरियाणा मार्का शराब का जखीरा पकड़ा है। एक नशे का सौदागर को भी गिरफ्तार किया है। बरामद शराब तकरीबन 15 लाख से अधिक की बताई जा रही है।

पुलिस ने उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। पुलिस के मुताबिक 23 जुलाई 2025 को काशीपुर पुलिस टीम को एक गोपनीय सूचना मिली थी कि वाहन संख्या यूपी 19 एटी 2508 से हरियाणा के सोनीपत से भारी मात्रा में अवैध शराब जनपद में लाई जा रही है। शराब की पेटियां अंडों की क्रेट की आड़ में छिपाई गई थी। जिसका उद्देश्य चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करना था। एसपी काशीपुर अभय सिंह ने बताया कि सूचना पर काशीपुर पुलिस टीम ने बांसखेड़ा फ्लाईओवर पर तत्काल बैरिकेडिंग लगाकर संदिग्ध वाहन की चैकिंग शुरू कर दी। कुछ देर में एक ट्रक आता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया तो चालक ने वाहन को रोकने के बजाय तेज गति से भगा दिया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने तत्परता से वाहन का पीछा किया और घेराबंदी कर



वाहन कोपकड़ लिया। चालक की पहचान अमजद पुत्र इरशाद, निवासी ग्राम बसेड़ा, थाना कैराना, जिला शामली यूपी के रूप में हुई। पुलिस पूछताछ में अमजद ने बताया कि ट्रक में 230 पेटी हरियाणा मार्का अवैध अंग्रेजी शराब भरी हुई है। एसपी काशीपुर ने बताया कि बरामद शराब की कीमत 15 लाख से अधिक की आंकी गई है। चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### मुख्य सरगना और नेटवर्क का खुलासा

पुलिस को गिरफ्तार अभियुक्त अमजद ने पूछताछ के दौरान शराब तस्करी के नेटवर्क से जुड़े कुछ और नामों का खुलासा किया। चालक ने बताया कि यह शराब अमित और मुकेश पुत्र जयपाल, निवासी मुआना, सोनीपत तथा गौरव निवासी ठाकुरद्वारा, सुरजन नगर की है। अमजद के अनुसार ये तीनों एक बलेनो कार में आगे-आगे चल रहे थे। व्हाट्सएप कॉल के माध्यम से लगातार उसे रास्ता साफ होने या न होने की जानकारी दे रहे थे। कार फरार लोगों की तलाश शुरू कर दी।

## बीडीसी का चुनाव लड़ रहे नरेन्द्र को हाईकोर्ट से राहत नहीं

**नैनीताल** । उत्तराखंड के पिथौरागढ़ के विण से क्षेत्र पंचायत सदस्य (बीडीसी) का चुनाव लड़ रहे नरेन्द्र सिंह को हाईकोर्ट ने राहत देने से इनकार कर दिया है और याचिका को खारिज कर दिया है।

याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि निर्वाचन आयोग की ओर से उसका नामांकन पत्र गलत ढंग से खारिज कर दिया गया है। नामांकन पत्र को खारिज करने के लिये अनुलग्नक पत्र को आधार बनाया गया है और कहा गया कि वह अपूर्ण है। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि निर्वाचन आयोग का यह कदम गलत है, उसे चुनाव में प्रतिभाग करने की अनुमति दी जाये। मुखय न्यायाधीश जी0 नरेन्दर की अगुवाई वाली पीठ ने सुनवाई करते हुए कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव अंतिम चरण में हैं। पहला चरण का मतदान गुरूवार 24 जुलाई (आज) को निर्धारित है। ऐसे में वह कोई हस्तक्षेप नहीं करना चाहते हैं। अंत में अदालत ने याचिका को खारिज कर दिया।

# फ्लैट्स मैदान में जलभराव की समस्या से समाधान को समतलीकरण के निर्देश दिए

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

जिलाधिकारी वंदना सिंह ने बुधवार को नैनीताल के फलैट्स मैदान का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्होंने कार्यदायी संस्था आरडबलूडी के ईई को फ्लैट्स मैदान में जलभराव की समस्या से समाधान के लिए उसका समतलीकरण करने के निर्देश दिए और यह कार्य 15 अगस्त तक पूर्ण करने के लिए कहा।

जिलाधिकारी ने कहा किफ्फलैट्स मैदान में विभिन्न खेलों के प्रतिभागियों द्वारा अभयास किया जाता है। यहां बजरी डालने से पूर्व उसके आकार आदि के लिए खेलने वाले बच्चों से फ ीडबैक प्राप्त कर लिया जाए ताकि मैदान खेलों हेतु उपर्युक्त और बेहतर हो सके। उन्होंने कहा कि आर्टिफि शियल रॉक कलाइंबिंग वाल पर लगी रस्सी की भी सुरक्षा के दृष्टिगत बीच बीच में जांच कर ली जाए। खेल विभाग को रॉक कलाइंबिंग वॉल के लिए प्रशिक्षक नियुक्त कर सुरक्षा उपकरणों, मैट तथा हेलमेट आदि की व्यवस्था करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा नैनीताल झील के व्यू व सौंदर्यता को दृष्टिगत रखते हुए मैदान में कार्य कराया जाए। मैदान



परिसर में लाइटिंग की उचित व्यवस्था की जाए। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी द्वारा स्थानीय बच्चों तथा खिलाडियों से भी वार्ता कर खेल प्रतिभाओं को विकसित किए जाने हेतु समस्त स्तरीय सुविधाएं मैदान में उपलबध करायें जाने हेतु संबंधित को निर्देशित किया। बच्चों के द्वारा बैडमिंटन कोर्ट में लाइटिंग तथा सिथैटिक कोर्ट की मांग पर जिलाधिकारी द्वारा तत्काल संबंधित को बैडमिंटन कोर्ट हेतु सभी आवश्यक व्यवस्था मुहैया कराए जाने निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी के द्वारा चंअपसपवद भवन का निरीक्षण करते हुए सफाई व्यवस्था अत्यंत खराब पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल उक्त स्थानो की संपूर्ण सफाई व्यवस्था कराने के निर्देश दिए गए , मैदान के आसपास विद्युत लाइन तथा केबल लाइन को सुव्यवस्थित करने हेतु विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया । इस दौरान पालिका के सभासद मुकेश जोशी समेत उपजिलाधिकारी नैनीताल नवाजिश खलीक, ईई लोनिवि रत्नेश सकसेना, आरईएस के के जोशी, ईओ नगर पालिका रोहिताश शर्मा सहित अन्य विभागों के अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# फिल्मी दुनिया

## मां प्रियंका चोपड़ा के लिए क्यूट कैप्टन बनीं मालती मैरी जोनस



*प्रियंका चोपड़ा जोनस ने आज अपनी सोशल मीडिया स्टोरी पर बेटी मालती मैरी के साथ एक खास तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में मालती के नन्हें हाथों में स्पीडबोट का स्टीयरिंग दिखाई दे रहा है। प्रियंका चोपड़ा अपनी बेटी मालती मैरी के साथ खूबसूरत पलों का आनंद ले रही हैं। उन्होंने सोशल मीडिया स्टोरी पर मालती की एक प्यारी तस्वीर शेयर की, जिसमें मालती स्पीडबोट का स्टीयरिंग व्हील पकड़े कैप्टन बनी हुई नजर आ रही हैं। प्रियंका चोपड़ा ने आज इंस्टाग्राम स्टोरी पर बेटी मालती के साथ एक बेहद ही खूबसूरत तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में मालती स्पीडबोट के स्टीयरिंग को अपने नन्हें हाथों से घूमाती नजर आ रही हैं। वहीं उनके साथ प्रियंका और उनकी सास डेनिस मिलर-जोनस भी नजर आ रही हैं। मालती डेनिम आउटफिट में बहुत प्यारी लग रही हैं और उनकी यह तस्वीर प्रशंसकों का पसंद आ रही है। हाल ही में प्रियंका चोपड़ा जोनस एक्शन-कॉमेडी फिल्म हेड्स ऑफ स्टेट में जॉन सीना और इदरीस एल्बा के साथ नजर आई थीं, जो प्राइम वीडियो पर उपलब्ध है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार प्रियंका जल्द ही एसएस राजामौली की फिल्म SSMB29 में नजर आएंगी। इस फिल्म में प्रियंका के साथ महेश बाबू और पृथ्वीराज सुकुमारन साथ नजर आएंगे।*

### फैंस के कमेंट्स

*प्रियंका चोपड़ा और मालती मैरी चोपड़ा जोनस की क्यूट तस्वीरें सोशल मीडिया पर आते ही वायरल हो जाती हैं। उनकी तस्वीरों पर फैंस भी जमकर प्यार लुटाते हैं। उनकी आज की इंस्टाग्राम स्टोरी की इस बेहद खास तस्वीर पर भी फैंस ने जमकर प्यार बरसाया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, प्रियंका की यह तस्वीर मियामी में उनके देवर जो जोनस और उनकी पूर्व पत्नी सोफी टर्नर की बेटी विला के जन्मदिन समारोह की है।*

# बीएलएम एकेडमी में विद्यार्थियों हेतु नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

हल्द्वानी ।बी.एल.एम. एकेडमी में कक्षा 3 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए 14 से 23 जुलाई तक नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह शिविर प्रतिष्ठित नेत्र संस्था माई आई केयर की अनुभवी और समर्पित नेत्र विशेषज्ञ टीम द्वारा संचालित किया गया।

इस स्वास्थ्य अभियान का प्रमुख उद्देश्य छात्रों की दृष्टि संबंधी समस्याओं की समय रहते पहचान करना एवं नेत्र स्वास्थ्य के प्रति उनमें जागरूकता बढ़ाना था। शिविर के दौरान अत्याधुनिक उपकरणों की सहायता से सैकड़ों छात्रों की आँखों की गहन जांच की गई। विद्यालय प्रबंधन ने माई आई केयर टीम के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास—शैक्षणिक, मानसिक व शारीरिक—के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होते हैं। यह आयोजन बी.एल.एम. एकेडमी की विद्यार्थियों की भलाई और समग्र विकास के प्रति प्रतिबद्धता का एक अनुकरणीय उदाहरण है।



News कॉर्नर

## कुमाऊं कमिश्नर और आईजी ने बाजपुर, गदरपुर ब्लाक के बूथों का निरीक्षण किया

**रुद्रपुर।** गुरुवार सुबह मतदान शुरू होने के बाद कुमाऊं मंडल के कमिश्नर दीपक रावत और आईजी कुमाऊं रिदम अग्रवाल बाजपुर के ग्राम शिवपुर में पहुंच बूथ का निरिक्षण किया। इसके साथ ही दोनों अधिकारियों ने बाजपुर के ग्राम गंगापुर, भजुआ नगला में भी बूथ का निरिक्षण किया । निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने मतदान केन्द्रों पर तैनात पुलिस कर्मियों को अराजकता करने वालों पर सख्ती से पेश आने के निर्देश दिए।

## डे अफसर की ओर से स्कार्पियो चालक के खिलाफ मुकदमा

**रुद्रपुर।** कोतवाली पुलिस ने स्कार्पियो चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। मुकदमा कोतवाली के डे अफसर की ओर से कराया गया है। वाहन में 262 साड़ियां भरी हुई थी। दर्ज हुई रिपोर्ट में कहा गया है कि स्कार्पियो चालक प्रदीप कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा गया कि 22 जुलाई 25 को थाना यातायात पुलिस के अपर उपनिरीक्षक नारायणदत्त जोशी, कांस्टेबल यातायात नवीन नेगी ने एक वाहन स्कोर्पियो चालक प्रदीप कुमार पुत्र शोभित कुमार निवासी नारायणपुर सुन्दर कालोनी लालपुर थाना किच्छा को वाहन में लदी माल साडियों सहित कोतवाली लाया गया। अपर उप निरीक्षक यातायात नारायण दत्त जोशी ने थाने डे अफसर मोहन चन्द्र जोशी को बताया कि चैकिंग दौरान डीडी चौक पर वाहन के पीछे वाले शीशे पर प्रत्याशी का पोस्टर लगा हुआ। जो पूर्व ब्लाक प्रमुख पति का वाहन है। वाहन में चालक प्रदीप कुमार बैठा था। आचार संहिता उल्लंघन के दृष्टिगत वोटरों को प्रभावित करने के उद्देश्य से लाये जाने के शक में उक्त माल तथा वाहन के कागजात के बारे में पूछा गया तो उसके द्वारा बताया गया कि उक्त वाहन पूर्व ब्लाक प्रमुख पति का है।

# पुलिस और एसटीएफ की टीम ने अवैध हथियारों समेत एक दबोचा, तीन फरार

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

मध्य प्रदेश से पिस्टल लाकर काशीपुर बेचने जा रहा एक तस्कर को एसटीएफ और रुद्रपुर पुलिस ने दबोच लिया। जबकि तीन तस्कर भागने में सफल हो गए।

उसके पास से आठ पिस्टल और 16 मैगजीन बरामद हुई है। गुरुवार सुबह एसटीएफ को सूचना मिली कि रुद्रपुर क्षेत्र से भारी मात्रा में अवैध असलहे काशीपुर क्षेत्र के लिए सप्लाई किए जा रहे है। इस सूचना पर एसटीएफ निरीक्षक एमपी सिंह, कोतवाल रुद्रपुर मनोज रतूड़ी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने काशीपुर रोड पर पहुंच गई। जहां पुलिस ने वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी। इस दौरान लांबाखेड़ा गांव के मोड़ पर बस स्टैंड के नीचे बैठे चार लोग पुलिस को देख भागने लगे। टीम में शामिल चौकी प्रभारी आदर्श कालोनी होशियार सिंह ने एक को पीछा करते हुए दबोच लिया।पूछताछ में उसने अपना नाम



**कार्रवाई**

● काशीपुर रोड लांबाखेड़ा गांव के मोड़ बस स्टाप के नीचे मध्य बस की प्रतीक्षा में थे

बागवाला निवासी खजान सिंह बताया। उसके पास मिले बैग की तलाशी ली गई तो उसमें आठ पिस्टल और 16 मैगजीन मिली। उसमें आटोमेटिक है। पुलिस ने पूछताछ की तो उसने बताया कि असलहे काशीपुर में सप्लाई करना था। असलहे वह मध्य प्रदेश से लाया है। तस्कर ने पुलिस को फरार तीनों के नाम युवराज सिंह निवासी बिलासपुर रामपुर यूपी, जगजीत सिंह उर्फ जग्गा प्रधान मोहनपुर दिनेशपुर, गुड्डू निवासी पुवायां यूपी बताया। पुलिस ने सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। टीम में एसएसआई नवीन बुधानी,कांस्टेबल प्रवीण गोस्वामी, दीप चंद्र,हेड कांस्टेबल दुर्गा सिंह, सुरेंद्र सिंह, दीपक भट्ट, चालक संजय कुमार आदि शामिल रहे।

# दूधिया नगर में एक व्यक्ति ने ग्लाइंडर मशीन से गला काट कर आत्महत्या की

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

कोतवाली क्षेत्र दूधिया नगर में एक व्यक्ति ने अज्ञात कारणों के चलते घर में रखी ग्लाइंडर मशीन से गला काट आत्महत्या करने का प्रकाश में आया है।

डायल 112 की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने परिजनों से जानकारी लेने के बाद शव पोस्टमार्टम की कार्रवाई के लिए मोर्चरी भिजवा दिया। पुलिस के मुताबिक बुधवार करीब 5 बजे रम्पुरा पुलिस चौकी में निगरानी में तैनात कांस्टेबल जगदीश पाठक ने डायल 112 पर सूचना दी कि दूथिया नगर में एक व्यक्ति ने गला काट कर आत्महत्या कर ली। सूचना पर कोतवाल मनोज रतूड़ी,एसएसआई नवीन बुधानी, एसआई चंदन बिष्ट मय पुलिया फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। कोतवाल ने बताया कि एक व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा था। उन्होंने बताया कि मृतक का नाम असगर अली पुत्र अली अहमद उम्र 43 वर्ष बताई। कोतवाल ने बताया कि मृतक के परिजनों के मुताबिक मृतक मानसिक रूप से परेशान चल



**घटना**

● मानसिक रूप से चल रहा था परेशान

रहा था और उसने घर में रखी ग्लाइंडर मशीन से गला काट लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम की कार्रवाई के लिए मोर्चरी भिजवा दिया। मृतक के आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है।

# रामनगर में न रातें सुकून भरी न दिन चोरी, ड्रोन और दहशत का दौर जारी

रामनगर
हमारे संवाददाता

एक समय तक शांत और सुरक्षित माने जाने वाला रामनगर इन दिनों किसी अनजानी साजिश की गिरफ्त में आता नजर आ रहा है। न दिन चैन है, न रात अमन। बीते कुछ दिनों में क्षेत्र में चोरी की वारदातों ने जो रफ्तार पकड़ी है, उसने आमजन की नींद उड़ा दी है।

शुरुआत पीरूमदारा से हुई, जहाँ तीन घरों में दिनदहाड़े चोरी की घटनाएं सामने आईं। लोगों के घरों से नकदी, जेवरात समेत जरूरी सामान साफ हो गया और चोरों का कोई सुराग तक नहीं मिला। चौंकाने वाली बात यह है कि ये घटनाएं अब रामनगर के आसपास के गांवों में अधिक हो रही हैं, जहाँ सुरक्षा संसाधनों की पहले से ही कमी रही है। छोटे गांवों में लगातार हो रही चोरियों ने ग्रामीणों को रात-रात भर जागने पर मजबूर कर दिया है। हैरानी की हद तब पार हो गई, जब कुछ इलाकों में लोगों ने रात के अंधेरे में आसमान में संदिग्ध ड्रोन उड़ते देखने की बात कही। ये ड्रोन क्यों उड़ रहे हैं? कौन उड़ा रहा है? क्या ये किसी बड़े अपराध की तैयारी है? इन सवालों का जवाब फिलहाल किसी के पास नहीं है लेकिन डर का माहौल ज़रूर गहराता जा रहा है। लोगों का कहना है कि रामनगर की फ़िज़ा में कुछ तो गड़बड़ है, जो एक के बाद एक इलाकों को अपनी चपेट में ले रही है।

लोगों की मांग है कि पुलिस और प्रशासन इन घटनाओं को हल्के में न लें और जल्द से जल्द सख्त कदम उठाए जाएं। वरना वो दिन दूर नहीं जब रामनगर की गिनती भी संवेदनशील इलाकों में होने लगेगी।

# घायल इंसान को सड़क किनारे छोड़ा नेकी की दीवार के घिल्डियाल बने मसीहा

रामनगर
हमारे संवाददाता

जब सिस्टम आँखें मूंद लेता है तब इंसानियत अपने पंख फैलाती है। कुछ ऐसा ही हुआ रामनगर में जहाँ एक घायल बेसहारा व्यक्ति को स्थानीय प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कथित तौर पर रेलवे पुलिस ने सड़क किनारे छोड़ दिया।

लेकिन जहां लापरवाही ने मुंह मोड़ा, वहीं %नेकी की दीवार% संस्था के अध्यक्ष तारा घिल्डियाल ने मिसाल पेश कर दी। घायल व्यक्ति की पहचान शेरू पुत्र शेख इब्राहिम (उम्र 47 वर्ष) के रूप में हुई है, जो अजमेर शरीफ के मूल निवासी हैं। बताया गया कि उनका बचपन एक अनाथाश्रम में गुज़रा। वहीं से उन्होंने मोटर मैकेनिक का काम सीखा, वर्षों तक मेहनत की, लेकिन कुछ समय पहले एक इमारत



से फिसलकर गिरने के कारण उनकी कुल्हे की हड्डी टूट गई। बेघर और असहाय हालत में शेरू अजमेर में भीख माँगने लगे। किसी तरह ट्रेन से रामनगर पहुँचे लेकिन स्थानीय लोगों का दावा है कि उनकी बिगड़ती हालत के बावजूद उन्हें मंडी समिति गेट के पास छोड़ दिया गया। इसी दौरान तारा घिल्डियाल को जैसे ही जानकारी मिली उन्होंने बिना देर किए 108 एम्बुलेंस मंगवाई और स्वयं शेरू को लेकर रामनगर सिविल अस्पताल पहुँचे। स्थिति गंभीर होने पर उन्हें तुरंत सुशीला तिवारी हॉस्पिटल हल्द्वानी रेफर किया गया। घिल्डियाल स्वयं उन्हें अपनी देखरेख में हल्द्वानी लेकर गए। तारा घिल्डियाल ने कहा हमें समाज के सबसे कमजोर व्यक्ति के लिए खड़ा होना होगा। अगर हम चुप रहेंगे, तो मानवता का मतलब ही खो जाएगा।

अब सवाल यह है क्या किसी घायल को इस हाल में छोड़ देना मानवीय संवेदनाओं की अनदेखी नहीं है? और क्या हमारी सामाजिक ज़िम्मेदारी सिर्फ बातें करने या दान देने तक सीमित रहनी चाहिए? शुक्र है कि तारा घिल्डियाल जैसे लोग अब भी हमारे समाज में हैं, जो चुपचाप वो कर जाते हैं, जो बहुतों के लिए सिर्फ भाषणों का हिस्सा होता है।

# बगवाड़ा पुलिस ने अंग्रेजी शराब का जखीरा पकड़ा, एक गिरफ्तार

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

एसएसपी के निर्देश पर जनपद में आगामी त्रिस्तरीय पंचायती चुनाव को सकुशल संपन्न कराए जाने के लिए अवैध शराब की रोकथाम और संदिग्धों की धरपकड़ को चलायें जा रहे अभियान के तहत कोतवाली की चौकी बगवाड़ा पुलिस ने अंग्रेजी शराब का जखीरा बरामद कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जबकि एक व्यक्ति भागने में सफल हो गया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। बुधवार रात कोतवाल मनोज रतूड़ी,एसएसआई नवीन बुधानी के नेतृत्व में चौकी प्रभारी बगवाड़ा सुरेन्द्र रिंगवाल टीम के साथ क्षेत्र में संदिग्धों,नशे की रोकथाम को गश्त कर रहे। इसी बीच पुलिस को मुखबिर ने सूचना दी कि शिमला पिस्तौर क्षेत्र से अभियुक्त गुरपाल पुत्र नन्हें निवासी ग्राम मुबारकपुर, थाना विलासपुर, जिला रामपुर यूपी वाहन संख्या यूए 06 एच 7931 पिकअप में अंग्रेजी शराब की पेटियां जा रही है। कोतवाल ने बताया कि गिरफ्तार वाहन चालक ने पूछताछ में बताया पंचायत चुनावों में बांटने में परिवहन कर लायी गयी "। वाहन में 20 पेटियां बरामद हुई। उन्होंने बताया कि वाहन चालक के मुताबिक वाहन का मालिक मनोज यादव पुत्र राम बच्चन निवासी शिमला पिस्तौर का है और मैं उन्हीं का चालक हूं। कोतवाल ने बताया कि मनोज यादव मौका देख भागने में सफल हो गया। पुलिस के मुताबिक वाहन के पास कई अन्य लोग भी खड़े थे। पुलिस को देख भाग गए। कोतवाल ने बताया कि दोनों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत करने सम्बन्धी अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस टीम में चौकी प्रभारी बगवाड़ा सुरेन्द्र रिंगवाल, एसआई मोहन चंद्र जोशी,गणेश गिरी आदि पुलिस कर्मी शामिल रहे।



# डिजिटल अरेस्ट कर तीन दिनों में खातों से 60 लाख रुपये उड़ाए

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

साइबर ठगी थमने का नाम ही नहीं ले रही है आए दिन साइबर ठगी करने वाले किसी न किसी को अपना शिकार बना कर उन्हें ठग रहे है।

साइबर ठगी ने अब रिटायर्ड सीआरपीएफ कर्मी को मनी लॉन्ड्रिंग केस में फंसाने की धमकी देकर 'डिजिटल अरेस्ट' में रखा और तीन दिनों के भीतर उसके खातों से 60 लाख रुपये उड़ा लिए। इस घटना से जिले में साइबर ठगी के नए और गंभीर तरीकों को लेकर चिंता बढ़ गई है। पीड़ित खेम सिंह, निवासी नैनीताल ने कुमाऊं साइबर क्राइम थाना रुद्रपुर में तहरीर दी है। उन्होंने बताया कि 3 जुलाई को उनके मोबाइल पर एक अनजान नंबर से कॉल आई। कॉलर ने खुद को टेलीकॉम विभाग का अधिकारी बताया और कहा कि उनके आधार कार्ड से फर्जी सिम कार्ड लेकर ब्लैकमेलिंग की जा रही है। इसके बाद खुद को साइबर क्राइम ब्रांच मुंबई का अधिकारी बताने वाले विजय खन्ना ने वीडियो कॉल पर बात कर डराया कि उनके नाम से केनरा बैंक मुंबई में एक खाता है, जिसमें 68 करोड़ का लेन-देन हुआ है।

खेम सिंह को 'डिजिटल अरेस्ट' में लेकर लगातार सर्विलांस में रहने और किसी से संपर्क न करने को कहा गया। व्हाट्सएप पर उन्हें एक नकली अदालत का आदेश भी भेजा गया। ठगों ने उनकी सभी संपत्ति, बैंक खाते और एफडी की जानकारी ली और 'सत्यापन' के नाम पर रकम मांगी।

चार से 17 जुलाई के बीच उन्होंने विभिन्न खातों में 60 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। 16 जुलाई को जब उन्होंने बेटे से पांच लाख रुपये मांगे तो बेटा घर आया और उन्हें ठगी का अहसास हुआ। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने नागरिकों से इस तरह के झांसे में न आने की अपील की है। पुलिस का कहना है साइबर ठग जल्द ही पुलिस गिरफ्त में होंगे।

## सीडीओ ने राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बूथ का निरीक्षण किया

**हल्द्वानी।** मुख्य विकास अधिकारी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी नैनीताल अनामिका ने आज त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन-2025 के प्रथम चरण के मतदान के दौरान राजकीय बालिका इंटर कॉलेज तल्ला रामगढ़ स्थित मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदान प्रक्रिया, मतदाताओं की सुविधाएं एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि जिले के सभी मतदान केंद्रों पर मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो रहा है। सीडीओ ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और दिव्यांग व वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

# रुद्रपुर में श्रावण मास की महाशिवरात्रि पर निकली भगवान शिव की भव्य बारात

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

श्रावण मास की महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर श्री अमरनाथ सेवा मंडल, रुद्रपुर के तत्वावधान में भगवान शिव की भव्य बारात का आयोजन पूरे धार्मिक उल्लास और श्रद्धा के साथ किया गया ।शहर का माहौल भक्तिमय हो उठा और हर ओर 'हर-हर महादेव' के जयकारे गूंजते रहे।

बारात की शुरुआत शहर के गांधी पार्क से हुई। जहां श्रद्धालु बड़ी संख्या में एकत्रित हुए। बैंड-बाजों और भक्ति संगीत के साथ शिव बारात मुख्य बाजार मार्गों से होती हुई पांच मंदिर




तक पहुंची। इस धार्मिक शोभायात्रा में विभिन्न सामाजिक, धार्मिक संगठनों ने भी भाग लिया और झांकियों के माध्यम से भगवान शिव के विविध रूपों की मनोहारी प्रस्तुतियां दीं ।शिव बारात में आकर्षक झांकियों के साथ-साथ भजन-कीर्तन की भी विशेष व्यवस्था रही। नगर भक्ति रस में सराबोर हो गया। लोगों ने पुष्पवर्षा कर शिव बारात का भव्य स्वागत किया।

**आयोजन**

● गांधी पार्क से शुरू हुई पांच मंदिर पर पहुंची, जोरदार स्वागत

इस अवसर पर महापौर विकास शर्मा ने भी शिव बारात में सहभागिता की। श्री अमरनाथ सेवा मंडल के पदाधिकारियों ने आयोजन को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी संस्थाओं, श्रद्धालुओं एवं प्रशासन का आभार व्यक्त किया। विधायक शिव अरोरा,भारत भूषण चुघ,अजय चड्डा,पारस,गौरव जुयाल अंकुर उपाध्याय, गुरमीत सिंह,मनीष चुघ, राजीव आदि शामिल रहे।